# मोहम्मद सिराज ने रैंकिंग में लगाई लंबी छलांग

## आईसीसी ने जारी की रैंकिंग, यशस्वी जायसवाल टॉप 5 में शामिल

**नई दिल्ली 6 अगस्त. मोहम्मद सिराज ने आईसीसी रैंकिंग में 12 स्थान की लंबी छलांग लगाई है. यशस्वी जायसवाल टॉप 5 में आ गए हैं. भारत बनाम इंग्लैंड 5वें टेस्ट के बाद आईसीसी ने बुधवार, 6 अगस्त को रैंकिंग अपडेट कर दी है.**

सिराज इससे पहले टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग सूची में 27वें स्थान पर थे. जायसवाल टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 5वें नंबर पर पहुंच गए हैं. गेंदबाजी रैंकिंग में रवींद्र जडेजा को 3 स्थान का नुकसान हुआ है, वह 14 से 17वें स्थान पर खिसक गए हैं. सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में कुल 9 विकेट लिए थे, उन्होंने दूसरी पारी में 5 विकेट हॉल किया था. इस शानदार प्रदर्शन के कारण भारत ने मैच 6 रनों से जीत लिया था और सिराज को सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया. इसका इनाम उन्हें आईसीसी रैंकिंग में भी मिला है. मोहम्मद सिराज आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 674 रेटिंग के साथ 15वें नंबर पर है. उन्होंने लंबी छलांग लगाई है, वह पहले 27वें स्थान पर थे, वहीं पांचवे टेस्ट में शतक लगाने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 3 पायदान ऊपर छलांग लगाई है. वह टॉप 5 में शामिल हो गए हैं.

### टॉप-5 गेंदबाज

- जसप्रीत बुमराह (भारत)- 889
- कागिसो रबादा (साउथ अफ्रीका)- 851
- पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया)- 838
- मैट हेनरी (न्यूजीलैंड)- 817
- जोश हेजलवुड (ऑस्ट्रेलिया)- 815

### टॉप-5 बल्लेबाज

- जो रुट (इंग्लैंड)- 908
- हैरी ब्रूक (इंग्लैंड)- 868
- केन विलियमसन (न्यूजीलैंड)- 858
- स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया)- 816
- यशस्वी जायसवाल (भारत)- 792

### टॉप-5 ऑलराउंडर्स

- रवींद्र जडेजा (भारत)- 405
- मेहदी हसन (बांग्लादेश)- 305
- बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)- 295
- वियान मुल्डर (इंग्लैंड)- 284
- पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया)- 270



**भारत वापसी पर मोहम्मद सिराज का ग्रैंड वेलकम**

इंग्लैंड में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद स्टार गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को हैदराबाद लौट आए हैं. वापसी पर उनका एयरपोर्ट पर ग्रैंड वेलकम हुआ और उन्हें देखने मात्र के लिए काफी भी? इकट्ठा हुई. ओवल टेस्ट में 9 विकेट लेने के लिए सिराज को प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड से नवाजा गया था. सिराज काली ड्रेस और चश्मों में बहुत हैंडसम लग रहे थे. वो हैदराबाद एयरपोर्ट से बाहर आए और फोन पर बात करते-करते सीधे कार में बैठ गए. कई फैंस ने सिराज को खूब चीयर किया.



# 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की रेस में गिल, मुल्डर, स्टोक्स

## गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड, ब्रैडमैन के बाद दूसरा स्थान

**दुबई, 6 अगस्त.** भारतीय कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की युवा टीम का नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम किए, जिससे श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ रही। उन्होंने इस श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से कुल 754 रन बनाए, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। 25 वर्षीय गिल ने एक भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। उनका यह प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने बताया कि गिल ने जुलाई में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए, जिसमें एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए, जिससे उनका कुल मैच स्कोर 430 रन रहा, जो ग्राहम गूच के 456 रन के बाद किसी एक टेस्ट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

> दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में, वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने दो मैचों में 265 .50 की औसत से कुल 531 रन बनाए। मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 15 .28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। आईसीसी ने भारत के खिलाफ बेन स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने 50 .20 की औसत से 251 रन बनाए और 26 .33 की औसत से 12 विकेट लिए।

# 45 गेंदें 0 रन! राशिद खान की फिरकी में फंसी लंदन स्पिरिट

**नई दिल्ली 6 अगस्त.** द हंड्रेड के नए सीजन की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में हुई. ओवल इन्विंसिबल्स और लंदन स्पिरिट के बीच 5 अगस्त को हुए ओपनिंग मुकाबले में अफगानी स्पिनर राशिद खान ने अपनी फिरकी के जाल में बड़े-बड़े दिग्गजों को फंसा दिया.

यह मुकाबला लो-स्कोरिंग रहा और लंदन स्पिरिट की हालत इतनी खराब रही कि उसने 45 गेंदों पर एक भी रन नहीं बनाया. नतीजा, लंदन स्पिरिट की टीम सिर्फ 80 रन पर ही सिमट गई और मुकाबला 6 विकेट से हार गई. मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लंदन स्पिरिट की शुरुआत से ही हालत खराब रही. टीम ने 94 गेंदों में सिर्फ 80 रन बनाए, यानी 6 गेंदें बाकी रहते ही पूरी टीम की पारी सिमट गई. सबसे हैरान करने वाली बात ये रही कि टीम



ने 45 गेंदों पर कोई रन ही नहीं बनाया. उनकी लगभग आधी पारी डॉट बॉल्स में ही चली गई. लंदन स्पिरिट की टीम में डेविड वॉर्नर और केन विलियमसन जैसे इंटरनेशनल खिलाड़ी शामिल थे, लेकिन ये दोनों भी कुछ खास नहीं कर सके. वॉर्नर और विलियमसन दोनों ने केवल 9-9 रन बनाए और जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए.

### राशिद की कप्तानी में अफगानिस्तान की एशिया कप टीम घोषित

**काबुल.** स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम आगामी एशिया कप में खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में नौ से 28 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। एसीबी की चयन समिति के सदस्य मीर मुबारिज ने बताया, 卐राशिद खान अफगानिस्तान के सुपरस्टार हैं। उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। फॉर्म में होना या खराब होना, यह खेल का हिस्सा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे मजबूती से वापसी करनी है और टीम और देश के लिए बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करना है। मुबारिज ने कहा, 卐हमने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप से पहले तैयारी शिविर के लिए एक प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है, जहां नए खिलाड़ियों की परख कोचिंग स्टाफ और कप्तान, दोनों प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के दौरान करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर चोटों के कारण उन्हें अपनी योजना में बदलाव नहीं करना पड़ा, तो वे प्रारंभिक शिविर के 22 सदस्यों में से ही अपनी विश्व कप टीम का चयन करेंगे।

**अफगानिस्तान की 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम-** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, वफीउल्लाह तारखिल, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, मोहम्मद इशाक, राशिद खान (कप्तान), मोहम्मद नबी, नांग्याल खरोती, शराफुद्दीन अशरफ, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नैब, मुजीब जादरान, एएम गजनफर, नूर अहमद, फजल हक फारूकी, नवीन उल हक, फरीद मलिक, सलीम सफी, अब्दुल्ला अहमदजई और बशीर अहमद।

# यौन दुराचार पर कोच 9 माह के लिए निलंबित

## दो महिला कर्मियों को भेजीं अश्लील तस्वीरें

**लंदन, 6 अगस्त (वार्ता) एक अज्ञात पूर्व काउंटी क्रिकेट कोच को यौन दुराचार के आरोप स्वीकार करने के बाद नौ महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।स्वतंत्र क्रिकेट अनुशासन पैनल ने पाया कि उस व्यक्ति ने 2023 और 2024 की गर्मियों में स्टाफ की दो महिला जूनियर सदस्यों को यौन रूप से स्पष्ट तस्वीरें भेजी थीं।**

**पेशेवर आचरण के पांच उल्लंघन स्वीकारे**
**पैनल का नाम उजागर करने से इंकार**

उसने पेशेवर आचरण नियमों के पांच उल्लंघनों को स्वीकार किया, जिसमें दो सहकर्मियों को अनचाही यौन तस्वीरें भेजना भी शामिल है।पैनल ने %असाधारण% स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों और नाम सार्वजनिक करने पर %गंभीर नुकसान% के खतरे के कारण व्यक्ति की पहचान बताने से इनकार कर दिया। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी महिला %प्रतिवादी से बहुत छोटी थी और वह क्रिकेट क्लब में उससे कहीं अधिक वरिष्ठ पद पर था। उसके व्यवहार के कारण उसे बर्खास्त कर दिया गया और तब से वह खेल में कार्यरत नहीं है। पैनल को दिए गए आवेदनों में, यह उल्लेख किया गया कि कोच ने अपने दुर्व्यवहार के लिए माफ़ी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है। बीबीसी की एक खबर के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने स्वेच्छा से एक शिक्षा पाठ्यक्रम लिया था और %अवांछित स्पष्ट संदेशों के प्रभाव को समझने के लिए एक पूर्व पेशेवर खिलाड़ी के साथ काम किया था।

> क्रिकेट नियामक के प्रबंध निदेशक क्रिस हावर्ड ने कहा- %%इस तरह का आचरण अस्वीकार्य है। जहां ऐसे मामले सामने आते हैं, उनकी जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। खेल से यौन दुर्व्यवहार को हटाना क्रिकेट नियामक की प्राथमिकता है। हम मानते हैं कि प्रभावित लोगों को आगे आने के लिए बहुत साहस की आवश्यकता होती है। हम प्रतिबद्ध हैं कि जब भी हमारे पास कोई आरोप लगाया जाता है, चाहे वह वर्तमान में हो या अतीत में, उसकी गहन और शीघ्रता से जांच की जाए।

# बंगाल वॉरियर्स की प्लेऑफ में वापसी की तलाश

मुंबई, 6 अगस्त.प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 7 के चैंपियन बंगाल वॉरियर्स का लक्ष्य सीजन 12 के प्लेऑफ में वापसी करना है। टीम पिछले चार लगातार सीजनों से लीग चरण से बाहर हो रही है।सीजन 12 से पहले, वॉरियर्स ने पिछले सीजन में 10वें स्थान पर रहने के बाद पूर्व मुख्य कोच प्रशांत सुर्वे से नाता तोड़ लिया। उन्होंने पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और स्वर्ण पदक विजेता कोच नवीन कुमार को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है, जिन्होंने सीजन 5 में तेलुगु टाइटन्स का नेतृत्व किया था। उनके साथ प्रवीण मलिक सहायक कोच होंगे।

# भारत दौरे पर मार्टा कैनेला

## छात्रों को सिखाया अभ्यास का उद्देश्य



**टीमवर्क, आदतों और संवाद पर फोकस**
**बास्केटबॉल से पहले खेला फुटबॉल भी**
**गिरोना टीम के साथ शानदार घरेलू सीजन**

**चेन्नई, 6 अगस्त.** स्पेनिश बास्केटबॉल स्टार मार्टा कैनेला भारत दौरे पर हैं, जहाँ वह वीआईबीजीवाईओआर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के साथ मिलकर 10 से 18 वर्ष के स्कूली छात्रों के लिए बास्केटबॉल वर्कशॉप आयोजित कर रही हैं।

गिरोना की यह खिलाड़ी भारत में बास्केटबॉल को बढ़ावा देने के अवसर का आनंद ले रही हैं और इसे छात्रों व खुद के लिए सीखने का एक शानदार मौका मानती हैं। कैनेला का मानना है कि सीमित समय को देखते हुए, उन्होंने खेल के तकनीकी पहलुओं पर कम और अभ्यास की आदतों, उद्देश्य और टीमवर्क विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने समझाया, हम उन्हें यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि हर अभ्यास का एक उद्देश्य होता है और यह एक टीम खेल है। इसलिए, हम कई टीम ड्रिल पर काम कर रहे हैं जहाँ उन्हें अपने साथियों के साथ संवाद करना और एक-दूसरे की मदद करना होता है।

### कैनेला का सफर

कैनेला खुद टीम खेलों की प्रशंसक रही हैं और बचपन में फुटबॉल व बास्केटबॉल दोनों खेलती थीं, बाद में उन्होंने बास्केटबॉल को चुना। उन्होंने अपनी खेल करियर को अकादमिक शिक्षा के साथ सफलतापूर्वक संतुलित किया, और पेशेवर बनने से पहले मास्टर्स की डिग्री पूरी की। 2023 में गिरोना में शामिल होने के बाद, कैनेला का 2024-25 का घरेलू सत्र शानदार रहा, जहाँ उनकी टीम स्पार गिरोना स्पेनिश महिला बास्केटबॉल की शीर्ष डिवीजन एलएफ एंडेसा में शीर्ष पर रही। वह कड़ी मेहनत और विश्वसनीयता को अपनी फॉर्म की कुंजी मानती हैं, यह कहते हुए कि टीम की सफलता के लिए व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण टीम के लिए योगदान देना है।

# यूपीकेएल सीजन-2 में शामिल हुई नई टीम 'कानपुर वॉरियर्स'

**कानपूर, 6 अगस्त (वार्ता)** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) के अपने पहले सीजन की शानदार सफलता के बाद, एसजे अपलिफ्ट कबड्डी ने यूपीकेएल सीजन 2 के लिए एक नई फ्रेंचाइजी, कानपुर वॉरियर्स, को शामिल करने की घोषणा की है।

बीए स्पोर्ट्स क्लब एलएलपी के स्वामित्व और संचालन वाली, और उद्यमी भूमिका वोरा के नेतृत्व वाली यह टीम, उत्तर प्रदेश के सबसे उत्साही शहरों में से एक के सांस्कृतिक आकर्षण में कबड्डी को लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कानपुर की लंबे समय से चली आ रही कबड्डी विरासत, जीवंत युवा सर्किट और प्रतिस्पर्धी खेलों के प्रति बढ़ती रुचि के साथ, कानपुर वॉरियर्स का जुड़ना समावेशिता को गहरा करने और स्थानीय नायकों को सामने लाने के लीग के मिशन में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए, एसजे अपलिफ्ट कबड्डी के निदेशक और संस्थापक, संभव जैन ने कहा, %%यूपीकेएल को हमेशा जमीनी स्तर के एथलीटों के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में देखा गया था, जो कबड्डी को एक गली-मोहल्ले के खेल से एक संरचित पेशेवर पारिस्थितिकी तंत्र में बदल रहा था।

**भूमिका वोरा के नेतृत्व में बीए स्पोर्ट्स क्लब लाएगा कानपुर की कबड्डी विरासत को प्रोफेशनल मंच पर**

# अर्जुन एरिगैसी को भाया फ्रीस्टाइल शतरंज

## शतरंज को दर्शकों के लिए और रोचक बनाने की वकालत

**चेन्नई, 6 अगस्त.भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने %फ्रिस्टाइल शतरंज% प्रारूप की सराहना की है और इस खेल को दर्शकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने का समर्थन किया है।**

उनका मानना है कि हाल ही में हुए लास वेगास ग्रैंड स्लैम और एस्पोर्ट्स विश्व कप जैसे टूर्नामेंट, जिसमें खेल का बौद्धिक पहलू तमाशे के साथ जुड़ा हुआ है, शतरंज के भविष्य के लिए शुभ संकेत हैं। एरिगैसी के अनुसार, फ्रिस्टाइल प्रारूप—जिसमें मोहरों का क्रम बेतरतीब होता है और मैच शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही इसका खुलासा होता है—ओपनिंग की तैयारी की कठोरता को खत्म करने के लिए सराहा गया है, जो अक्सर शास्त्रीय शतरंज की आलोचना का विषय रहा है।

> एरिगैसी ने कहा, फिस्टाइल खेलना बहुत ताज़गी भरा है, जिसमें कोई तैयारी नहीं होती और पहले ही चाल से खेल शुरू हो जाता है। मुझे लगता है कि शतरंज सर्किट में फिस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर का होना अच्छा है, और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा।



**चर्चा** — **खूब ट्रोल हो रहे भारतीय कोच**

# हैरी ब्रुक को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' मिलने में गौतम गंभीर का हाथ?

**नई दिल्ली 6 अगस्त. भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज समाप्त हो गई है, लेकिन इस सीरीज में हुए आखिरी फैसले ने भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर को चर्चा का विषय बना दिया है. गंभीर सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रहे हैं.**

इसके पीछे की वजह है इंग्लैंड का धाकड़ खिलाड़ी- हैरी ब्रूक. दरअसल, हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की तरफ से गौतम गंभीर ने बेस्ट प्लेयर चुना और इस खिलाड़ी को ही शुभमन गिल के साथ में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया. इस बात को लेकर ही सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है.

इंग्लैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज में दो खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना जाता है, इसमें दोनों टीमों की तरफ से एक- एक



खिलाड़ी होता है. इस खिलाड़ी का चयन दोनों टीम के हेड कोच करते हैं. इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैक्कुलम ने भारतीय खिलाड़ियों में बेस्ट प्लेयर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को चुना. गिल ने इन पांच मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा 754 रन बनाए. इंग्लैंड के खिलाड़ियों में बेस्ट प्लेयर चुनने का अधिकार भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के पास था. गंभीर ने इंग्लैंड की तरफ से प्लेयर ऑफ द सीरीज के लिए हैरी ब्रूक के नाम का चयन किया. ब्रूक ने इस सीरीज में 53.44 की औसत से 481 रन बनाए. वहीं इंग्लैंड की तरफ से ब्रूक से ज्यादा रन जो रूट ने बनाए थे. रूट ने इस सीरीज में खेली गई 9 पारियों में 67.12 की औसत से 537 रन जड़े.

रूट का इस सीरीज में प्रदर्शन ब्रूक की तुलना में काफी बेहतर रहा, लेकिन इसके बावजूद गंभीर ने रूट की जगह ब्रूक को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना. इसे लेकर टीम इंडिया के हेड कोच लगातार ट्रोल हो रहे हैं. ब्रूक ने भी प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने पर कहा कि उनसे ज्यादा इस अवॉर्ड के हकदार रूट हैं.

### गिल को नहीं चुनना चाहते थे मैक्कुलम



शुभमन गिल ने सीरीज में 754 रन बनाए, औसत 75 से अधिक रहा और उन्होंने सीरीज में 4 शतक भी ठोके. गिल वाकई में प्लेयर ऑफ द सीरीज के हकदार खिला?ियों में से एक रहे. मगर पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने बाद में खुलासा किया कि मैक्कुलम चौथे दिन के खेल के अंत तक तय कर चुके थे कि उनके लिए शुभमन गिल ही प्लेयर ऑफ द सीरीज हैं. मगर जब पांचवें दिन मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के पुछल्ले बल्लेबाजों की नाक में दम करते हुए भारत को 6 रनों से जीत दिलाई, तब मैक्कुलम ने अपना मन बदल लिया था. हालांकि अंत में उन्होंने गिल का ही नाम सामने रखा.